left there and compensation, whatever possible, must be got from Pakistan for them. In fact, this was being dealt with by the Finance Ministry under certain circumstances. I had started correspondence with our present Finance Minister for the recovery of certain moneys held back in Pakistan belonging to persons who have come over to India; he took it up very sympathetically, but not all of them could recover what they have left there or what they are entitled to get back. I think, between the Finance Ministry and the Ministry in charge of this Bill, it should be possible to arrange that not only do we protect and maintain here the properties of Pakistanis under the Custodian of the Enemy Property Act, but we find also means of preserving and maintaining properties of Indians left over in Pakistan.

Shri D. C. Sharma was referring to the house of Tagore in Shajahadpur; it is a very well known house; the productive years of the poet were spent in that house and in the surrounding areas; most of his contributions in stories, in novels, and all his youthful poems, were done in Shajahadpur and in the rivers surrounding that area. That house should have been preserved as a national monument by Pakistan. But the Pakistan authorities have a craze for creating anti-Tagore feelings because the people of East Pakistan are very fond of Tagore, the people of East Pakistan are very fond of Bankim Chandra Chatterjee. Even when the works of these masters of literature are banned by the Pakistan Government, they get them somehow and women in their families make it their business to go through these books. The Pakistan Government is trying outwardly to put as much anti-Tagore feelings in the people as they possibly can. They may try that. That would only speak of the standard of culture and the standard of civilisation of the present ruling authorities of Pakistan. To accuse the people of East Pakistan of the same characteristics which are being betrayed by the present ruling authorities of Pakistan is not correct. The people of East Pakistan have a different temperament. I know that and that is what should be realised by the Government. If the Government tries, they will be able to safeguard not only the Shajahadpur House of Tagore but also many of the other known and reputed Indian properties in East Pakistan.

श्री जार्ज फरनेन्डीज (बम्बई दक्षिण): उपाध्यक्ष महोदय, भट्टाचार्य जी ने भाषा को लेकर जो बहस चली थी उसकी चर्चा की है और आर्टिकल 348 की ओर इशारा किया है। भाषा को लेकर हमेशा जो इस तरह की चर्चा हो जाती है और आज सुबह भी जब यहां पर इस विधेयक को पेश किया जा रहा था, जो बहस चली है . .

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have already disposed of that. Let him come to the Bill.

श्री जार्ज फरनेन्डीज : उसके सम्बन्ध में मैं माननीय सदस्यों को आर्टिकल 343 की याद दिलाना चाहता हूं जिस में कहा गया है कि हिन्दुस्तान की राष्ट्रभाषा हिन्दी होगी। एक बार जब समझ बूझ कर इस काम को कर लिया गया है और इसके बारे में निर्णय ले लिया गया है तो हम को मैं नहीं समझता हूं कि बेमतलबी बहस में पड़ना चाहिये और न ही सदन का समय इस तरह से नष्ट करना चाहिये। यह जो समय जाता है यह बच सकता है अगर हम इस चीज को खत्म कर दें और बार बार इस प्रश्न को यहां न उठायें।

[श्री रा० डो० भण्डारे पीठासीन हुए]

आज सुबह भी हम लोगों ने एक प्रश्न उठाया था और पूछा था कि यह बिल कामर्स मिनिस्टर साहब की ओर से क्यों पेश किया जा रहा है। इस बिल पर जैसे बहस चल

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

रही है और अलग अलग माननीय सदस्यों की राय सामने आ रही है उसको देख कर मेरी समझ में यह बात आ गई है कि क्यों कामर्स मिनिस्टर की ओर से इस बिल को पेश किया गया है और क्यों नहीं होम मिनिस्टर की ओर से या किसी और मंत्रालय की ओर से पेश किया गया है। क्लाज 8 में आप देखें कि जो भी उद्योग धंधे शत्रु इस देश में चलाता था चाहे कम्पनी की हैसियत से या व्यक्ति की हैसियत से या सरकार की हैसियत से उस उद्योग धंधे को चलाने की जिम्मेदारी अब हमारी सरकार अपने ऊपर ले रही है और चूंकि इन उद्योग धंधों में हम लोगों को फंस जाना है इसलिये कामर्स मिनिस्ट्री को यह सारा काम काज सौंपा जाए, यह इनका उद्देश्य है।

जिस ढंग से इस बिल को लिखा गया है जो इस की कंस्ट्रक्शन है उसका शर्मा जी ने काफी खुलासा किया है लेकिन मुझे लग रहा है कि यदि कोई इस बिल को लेकर अदालत में जायेगा या सुप्रीम कोर्ट में जाएगा तो हो सकता है कि कुछ झंझट पैदा हो जाये। जैसे आप क्लास 8(2) (1) को देखें। इस में लिखा हुआ है :

"Without prejudice to the generality of the foregoing provision, the Custodian or such person as may be specifically authorised by him in this behalf, may, for the said purpose—

(i) carry on the business of the enemy."

यानी शत्रु का जो काम है उस काम को अब हमारी सरकार भी अब यहां अपने ऊपर ले सकती है, उसको भी यह सरकार कर सकती है। यही इसका कंस्ट्रक्शन है। मैं बहुत अंग्रेजी तो पढ़ा नहीं हुआ हूं। भट्टाचार्य जी या शर्मा जी या हमारे चौधरी साहब जो बहुत आजकल अंग्रेजी बोलने लग गये है वे इसका ज्यादा अच्छी तरह से खुलासा कर सकते है लेकिन मेरी समझ में तो यही आता है कि कैरी आन दी बिजनेस आफ दी एनीमी का मतलब यही निकलता है जो हम टूटी फूटी अंग्रेजी जानते या समझते हैं उससे तो इसका अर्थ यही निकलता है कि शत्रु जो यहां पर काम कर रहा था, यहाँ अगर जासूसी कर रहा था, देश में अगर कहीं सुरंग बिछाने का काम कर रह, था या लोगों को खरीदने और बेचने का काम कर रहा था ये सभी काम अब हमारी सरकार करेगी। कैरी आन दी बिजिनैस आफ दी एनीमी का मतलब तो यही हो सकता है।

श्री रणधीर सिंह : विस-ए-विस प्रापर्टी।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : यह बहुत गम्भीर मामला है। कोई भी व्यक्ति किसी भी समय अदालत में जा सकता है और यह सरकार अपनी इज्जत बेचने का काम भी कर सकती है, इसकी गारंटी देने वाला कोई नहीं है जैसे कच्छ के रन पर में हमने देख लिया है। यह जो कंस्ट्रक्शन है इसको आप हंसी मजाक में न लें। गम्भीरता से इस पर आप विचार करें। अगर किसी क्यूरोक्रेट ने कामर्स मिनिस्ट्री में इसको लिखा है, नौकर शाह ने लिखा है और उसकी गलती से यह हुआ है तो मैं कहूंगा कि उसको ठीक अंग्रेजी सिखाने का काम किया जाना चाहिये इस में से यह जो गलती है यह दूर होनी चाहिये। अदालत में अगर मामला गया तो परेशानी पैदा हो सकती है।

आगे आप देखें :

"to take action for recovering any money due to the enemy"

यानी शत्रु के वकील हम लोग बन जायें।

"make any contract and execute any document in the name and on behalf of the enemy."

सरकार की ओर से शत्रु का सारा व्यवहार, सारे धंधे को चलाने की जिम्मेदारी ली जारही है। उसके लिए हिन्दुस्तान की सरकार पैसा खर्च करेगी और क्लाज 17 में फी वगैरह जमा करने का काम भी सरकार करने वाली है; मैं चाहता हूं कि इस बिल को अभी आगे और न बढ़ाया जाए और कामर्स मिनिस्टर साहब सोच विचार करें, गम्भीरता से सोच विचार करें, और उस में जितनी भी बिगड़ी हुई बातें हैं, फिर चाहे वे लिखा पढ़ी की बिगड़ी हुई बातें हों या विचार के मामले में बिगड़ी हुई बातें हों, उन सब का सुधार करके इस बिल को इस सदन के सामने लायें।

इस बिल के सम्बन्ध में कई ऐसे प्रश्न सामने आते हैं, जिन का जवाब मिलना चाहिये इस बिल के स्टेटमेंट आफ आबजेक्टस एंड रीजन्ज में कहा गया है कि 1962 में, जब कि डी० आई० आर० को लागू किया गया, हिन्दुस्तान में स्थित चीनी नागरिकों की जायदाद 28.85 लाख रुपये की थी। मैं यह जानना चाहता हूं कि यह रुपया किस किस हिसाब में सरकार के पास पड़ा हुआ है, उसमें से अलग अलग व्यक्तियों, कम्पनियों और सरकार को कितनी कितनी जायदाद है। इस बिल को पेश करते हुए सरकार को यह जानकारी सदन को देनी चाहिये थी। इसी प्रकार 1965 में पाकिस्तानी आक्रमण के समय हिन्दुस्तान में पाकिस्तानी नागरिकों की जायदाद करीब 27 करोड़ रुपये की थी। इस में भी कुछ सरकारी रकम हो सकती है, कुछ व्यक्तिगत रकम हो सकती है और कुछ कम्पनियों की हो सकती है। हमें यह जानकारी मिलनी चाहिए कि किस किस हिसाब में यह सब जायदाद पड़ी हुई है, यह माल कहां पड़ा हुआ है। उसमें कुछ ऐसा माल भी हो सकता है, जो लड़ाई के दिनों में हमने अपने कब्जे में लिया था, जैसे उन के जहाजों और विमानों से सामान उतारा था। उसमें से कुछ समान ऐसा भी हो सकता है, जो कुछ समय बाद बिगड़ सकता है। इस लिए हो सकता है कि 27 करोड़ रुपये की यह रकम कहीं गलत न निकले। सरकार की ओर से इस बिल को पेश करते हुए यह सब जानकारी हमारे सामने आनी चाहिए थी।

15.32 hrs.

[SHRI THIRUMALA RAO *in the Chair*]

मैं जानकारी देने का आग्रह एक और कारण से भी कर रहा हूं। इवैकुई प्रापर्टी के सम्बन्ध में सभी लोगों को यह अनुभव होगा कि पिछले बीस सालों से इवैकुई प्रापर्टी के मामले में नौकरशाह लोगों ने, और हो सकता है कि सरकारी लोगों ने भी, क्या क्या धांधलियां नहीं की।

इस बारे में मैं एक नाम लेना चाहता हूं। ग्रेवल नाम का एक आई० सी० एस० आफिसर पंजाब या हरियाणा में है। हमने सुना है कि उस ने लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये की जमीन को लूटा और बहुत से लोगों को बर्बाद किया, जबकि वह कमिश्नर फार रीहैबिलिटेशन या सैटिलमेंट था इस लिए हम जानना चाहते हैं कि शत्रु नागरिकों की कितनी कितनी रकमें और जायदादें सरकार के पास हैं, ताकि कोई नौकरशाह कस्टोडियन या डिपुटी कस्टोडियन बन कर जमीन या पैसे के मामले में चोरी और बदमाशी न कर पाये और किसी गरीब को सता न सके। इस लिए यह सब हिसाब-किताब हमारे सामने आना बहुत जरूरी था।

मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि आज जब हम एनिमी प्रापर्टी के बारे में बहस कर रहे हैं, तो हमें अपनी जमीन के बारे में भी

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

कुछ सोचना चाहिये । पाकिस्तान की 27 करोड़ रुपये की जायदाद और चीन की 28 लाख रुपये की जायदाद हमारे पास है । लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिये कि हिन्दुस्तान की कितनी जमीन इस वक्त चीन और पाकिस्तान के पास है । उस का भी हिसाब लगाया जाये । चीन दस साल से हमारी जमीन को अपने ताबे रख कर बैठा हुआ है, लेकिन इन दस सालों में मैंने कभी भी न तो सरकारी पार्टी या सरकारी नेताओं की और से और न प्रधान मंत्री की ओर से यह सुना कि हमारी जो हजारों वर्ग-मील जमीन चीन के हाथों में है, उस के बारे में हम क्या करने जा रहे हैं ।

15 अगस्त का दिन नजदीक आ रहा है । हम हर साल 26 जनवरी और 15 अगस्त के दिन कई लाख रुपया खर्च करके एक तमाशा सा करते हैं, नाटक सा करते हैं, सलामी ली जाती है, "लेफ्ट-राइट" की जाती है, सब कुछ होता है । लेकिन क्या कभी 15 अगस्त या 26 जनवरी या 9 अगस्त जैसे दिनों पर सरकार ने अपनी खोई हुई उस जमीन के बारे में सोचा है कि जो जमीन चीन या पाकिस्तान के हाथ में है, यह हमारी जायदाद है । सरकार की ओर से दूसरे देशों की 28 लाख रुपये या 27 करोड़ रुपये की जायदाद की बात की जाती है । लेकिन हमारी जिस जायदाद को चीनी पिछले दस बरस से अपने हाथों में लिये बैठे हैं, क्या सरकार ने कभी उसको वापस लेने का संकल्प किया है ? क्या उस ने कभी इस बारे में विचार भी किया है ?

अब इस बारे में जरूर सोचना पड़ेगा। आज जब यह विधेयक आया है, तो इससे अच्छा मौका और कोई नहीं हो सकता है कि जब हम इस जायदाद के बारे में सोचना शुरू करें और इस को वापस लेने का संकल्प करें । एक साल पहिले इसरायल और अरब देशों में लड़ाई हुई थी । पांच दिन की लड़ाई में इसरायल ने मिश्र और जोर्डन की काफी जमीन ले ली । हिन्दुस्तान के अखबारों में पिछले आठ दिनों से हड़ताल है । लेकिन उस से पहले हम अखबारों में पढ़ते थे, अम्मान काहिरा और एलेक्सेंडरिया से खबरें आती थीं कि हर महीने की ५ तारीख को उन मुल्कों के नौजवान एक संकल्प-दिन मनाते हैं, कहते हैं कि हमारी जो जमीन इस वक्त इसरायल के ताबे है, शत्रु के ताबे है, उसको वापिस लिये बिना नहीं रहेंगे ।

मेरे जैसे आदमी को यह देखकर शर्म आती है । क्या इस सरकार द्वारा पिछले दस सालों में कभी ऐसा कोई काम किया गया है, क्या इस बारे में उसने कभी सोचा है कि हमारी जो जमीन चीन और पाकिस्तान लिए बैठे हैं, उसको वापिस लेना है ? यदि इस सरकार की नीतियों के कारण आज इस देश में इतनी शक्ति नहीं है, आज तो उसने इस देश को बिल्कुल निपुंसक बना कर रखा है, लेकिन आगे चल कर कभी इस देश के पुरुषार्थ का निर्माण करके उस जमीन को वापिस लेना है, क्या इस सरकार ने कम से कम यह संकल्प बनाने का प्रयास किया है, क्या कभी इस बारे में सोचा भी है ?

यह सरकार 28 लाख रुपये और 27 करोड़ रुपये की एनिमी प्रापर्टी के लिए बिल लाती है, उन देशों के व्यापार-धंधे को चलाने की व्यवस्था करती है, टू कैरी आन दी बिजिनस आफ एनिमी का इरादा करती है । अगर जासूसी करना है, तो वह कामर्स मिनिस्ट्री की और से कराया जाने की बात जाती है । लेकिन हिन्दुस्तान की जो जमीन और जायदाद हमारे पड़ोसी देश लिये बैठे हैं, जो थोड़ी सी जमीन सीलोन जैसे पड़ोसी देश अपने ताबे किये हैं, मैं चाहता हूं कि इस सरकार को कम से कम उस जमीन

और जायदाद को वापस लेने का संकल्प करना चाहिए, वर्ना इस किस्म के कानून का कोई मतलब नहीं रहेगा।

इस विधेयक को तो मंत्री महोद वापिस ले लें, क्योंकि इस में भाषा की गड़बड़ी भी है। संविधान के अनुच्छेद 348 के मुताबिक अंग्रेजी में पास किया हुआ कानून अगर असली माना जायेगा, तो आगे चल कर अदालत में कठिनाई पैदा होने की सम्भावना हो सकती है। इस लिए भाषा संबंधी जो गड़बड़ियाँ हैं, उनको दुरूस्त करना होगा और वैचारिक दृष्टि से जो गड़बड़ियाँ हैं, उन को भी दुरुस्त करना होगा। जैसा कि मैं ने कहा है, मंत्री महोदय इस बिल को वापस ले लेंले। सरकार के पास कितनी रकम और जायदाद आदि है, वह उसका हिसाब-किताब सदन के सामने रखें और इन सब झंझटों को दूर करने वाला एक नया विधेयक इस सदन के सामने लायें।

AN. HON. MEMBER: Shri Samar Guha may please speak in Hindi.

एक रोज पहले बोला था। फिर कब बोलेंगे।

SHRI SAMAR GUHA (Contai): Apparently, this Bill seems to be simple-looking although invisibly it involves the fate of millions of people. We know that the butchery perpetrated by Mountbatten has condemned the new class of people who are known as minorities on this side and that side of the Radcliffe line. I quite agree with Prof. Sharma when he said that the title of the Bill was a misnomer. Even legally, India did not declare war against Pakistan. Let us leave aside the legal aspect. Morally and historically, I am the last person to accept that the people of the land of Mohenjadaro and Harappa, Taxila and Purushpur and the land of the Indus and Sutlej, Padma, Meghna, Brahmaputra, Buriganga and Dhaleswari are my enemies. The lord of Pindi may indulge in hostile activities against India but never the people of that country can be called our enemy. The past history of the last twenty years cannot obliterate the earlier relation of 2,000 years. They are the blood of our blood and flesh of our flesh. I will not go into the obliteration of the future. I still believe in what Shri Aurobindo said on the 15th August, 1947. He said that the "partition of India will and must go by whatever means." This is the voice of a great savant and seer. I believe it. This year, on the 15th of August, one of his principal disciples Shri Arabindo, Shri Anilbaran Roy, is going to stage a Token satyagraha on the frontier of West Bengal, near Basirhat, just as a protest against that butchery on the personality of the age-old Indian Nation and the historical entity of India. Therefore, I should say that the whole title, "Enemy Property Bill" is a misnomer.

With this preamble, as I have said, let me repeat that this Bill involves the fate of minorities, millions of them on both sides of the border. Whether the property belongs to the minorities of India or even to the so-called Pak citizens—their properties, their trade or business, whatever they may be I would humbly request the Government not to treat them in the rigorous sense as enemy property. Even if it means unilaterally, those properties should be handed over to them, only with one rider, namely, nobody will be allowed to do espionage work or sabotage work on behalf of the Pindi lord sitting over the destinies of a hundred million people of Indus and Padma on the two sides of the Indian frontier.

Rs. 27 crores does not really mean much for us. We should give at back to the real owners. This Bil is a misnomer, and its objective is also vague, vain and purposeless. Historically looking, it is harmful also. What does this 27 crores mean? Leave aside the Chinese property but give back the

[Shri Samar Guha]

rest to Indian minorities or Pak citizens, who owe them. The point actually is, have faith in the future. This bleak present perpetrated by partition is not the whole truth for the future. The future will be built not by the people who conspired against Gandhiji behind the purdah with Mountbatten, who did not care for the words of warning uttered by Netaji against the partition of India, who believed that that partition is going to be a permanent feature. History has a greater force; history has a greater spirit; history has a greater strength than the conspiracy entered into by the power-lusty, tired politicians on this side and that side of the border.

Therefore, I would say, to earn the goodwill of the people of Pakistan, particularly its eastern wing, withdraw this Bill. Give all the property to their real owners—with one rider, which I have already said, namely, you should see that espionage and sabotage work is not done by that fascist junta ruling over Pindi there.

I come from East Bengal; I remember the day when the voices of Panditji and Sardarji on this side and that of Mr. Jinnah on that side on the waves of the radio were going out all over the country. I remember that day, the momentous hour, 12 of midnight. From that very moment, suddenly I became an alien; I became nobody; all my sufferings, all my past, all my chanting of Vande Matarams, instantly became nothing. In all the jails of East Pakistan, in all the jails of East Bengal, the revolutionaries who embraced martyrdom on the gallows in the name of Vande Mataram. Who the mother they worshipped? Where is that mother now? I waited; I waited for the whole night. I could not sleep even for a moment. (*Laughter*). I know these people laugh—heartless, cruel, brutish, I should say. Only brutes can laugh on this; none else. Five years I have spent in Pakistan and sometimes in Pakistani jails also. I have been witness to the butchery of the minorities there. I am in close contact with the people there and therefore I say that this term "enemy property" will have its action and reaction. It should be thought over once again whether such an Act should be passed in this way.

Everybody has forgotten that 35 per cent of the minorities had the ownership of 81 per cent of the urban property, nearly 77 per cent of the trade, business and industry and nearly 73 per cent of the landed property of East Bengal. After partition, you will remember that there was exchange of population on the West Pakistan side. There was the Evacuee Property Act and compensation was given to the migrants this side and that side of the West but not to the other side. I still remember the voice of Panditji and Sardar ringing in my ears: "Our heart goes to our brothers on that side". Are not those words now sounds ironical? Everybody has forgotten that. Not only have they forgotten it but they want to seal the fate of more than 10 million people living in East Pakistan for good? The Nehru-Liaquat Pact of 1950 was entered into on the understanding that there will be no passport and there will be free movement on both sides, so that the minorities here and there could come and go back and deal with their properties on both sides. The Nehru-Noon Pact ratified it and strengthened it. But now what is the position? The border is sealed. Nobody is allowed to go this side or that side. The pitiable condition of Maharaj Triloka Chakravarti, one of the founder members of the Anushilan Samiti, a pioneer revolutionary organisation is now 81 years old, and although he is pathetically trying in the least days of his life to come here for some time for

medical treatment and to see his near relatives. But he is not allowed.

MR. CHAIRMAN: I do not want to interrupt the hon. Member, but he should deal with the relevant clauses of the Bill instead of going into old history. There are several other hon. members who want to speak on this Bill.

SHRI SAMAR GUHA: I am coming to the provisions of the Bill. Now the position is that free movement is disallowed. The result is, those who are now known as Indian citizens here have their properties worth crores of rupees there. They are not only not allowed to go there, but their properties have been seized by the Pakistan Government. They have taken forcible possession of those properties. What is the condition of the minorities there? They are known as Jirmmes there. They are second class citizens. God knows what miserable life they are leading there. The only saving feature is the newly awakened Bengali Muslim intelligentsia there who are now standing behind the minorities there.

After the 1965 war what has happened? The Government there has taken possession of all the cotton mills—Dakeshwari Cotton Mills and Adarshan Cotton Mills, employing together 15,000 workers, Chittaranjan Cotton Mills, Lakshmi Narayan Cotton Mills, Dacca Cotton Mills, Mohini Cotton Mills, Chittagong Cotton Mills, etc. They are all owned mostly by the Indian citizens, who were formerly East Bengalis.

Almost 99 per cent of the shares are still with Indian citizens here. There are many sugar mills; there were glass factories and the United Bank of India operated there. Formerly there was the Comilla Banking Corporation and Comilla Union Bank. Those banking companies have all been taken possession of by the Pak Government.

The director of the Dhakeswari Cotton Mill was a classmate of mine and I still remember our school days. In 1965 he was director of three cotton mills. From 1965 Shri Sunil Bose is in jail. Another eminent textile industrialist, Shri Dhirendra Nath Bose, who was the director of the Chittranjan Cotton Mill, is just a pauper on this side of the border.

Whether they may be minorities there or Indian citizens here, our understanding the sacred and avowed understanding, was that the minorities on both sides will have free access to their properties, will be allowed to conduct their trade and business and look after their properties or sell them as they liked. Everything has been stopped, banned, prohibited.

Therefore I urge that if you really want to pass the Enemy Property Bill, it is the duty of the Government to see that those Indians, the East Bengal people, who have crossed over to this side, are given compensation for the properties left there because now they have no chance whatsoever to cross the border and look after their properties there. As I have already, said the Bill apparently simple but the invisible risk, the responsibilities, involved in it should be understood by the Government before it is enacted.

श्री तुलशीदास जाधव (बारामती) : चैयरमैन साहब, यह बिल जो इस समय सदन के सामने पेश है, इसके हैडिंग को देखने से और इस के प्राब्जैक्ट्स एण्ड रीजन्ज को पढ़ने से ऐसा मालूम होता है कि अपने देश के शत्रु जो लोग रहे हैं, उन की प्रापर्टी को इस गवर्नमैन्ट ने अपने तावा लिया है और इस के फस्ट क्लाज के सैकण्ड पार्ट को पढ़ने से तो ताज्जुब होता है । मेरी समझ में नहीं आता है कि यह कानून देश के अन्दर जितने सिटिजन्ज हैं उन पर, इतना ही नहीं बल्कि देश के बाहर भी जो सिटिजन्ज हैं, जिन्होंने कोई कारपोरेशन यहां स्थापित की हो, उन के ऊपर भी लागू होता है, लेकिन जम्मू और काश्मीर को इससे निकाल दिया गया है ।

[श्री तुलशीदास जाधव]

इसके मायने यह होते हैं, जम्मू और काश्मीर हिन्दुस्तान का पार्ट नहीं है तथा जब कोई कानून आता है, हर कानून में जम्म और काश्मीर को अलग निकाला जा रहा । इसके मायने यह नहीं हैं कि सरकार का उद्देश्य जम्मू और काश्मीर को हिन्दुस्तान से बाहर रखना है, लेकिन इस बिल के पढ़ने के बाद जो इम्प्रेशन होता है और जम्मू और काश्मीर के बारे में जब भी चर्चा होती है, या दुनिया के मैप्स देखे जाते हैं तो दुनिया के अन्दर हिन्दुस्तान का आदमी आत्म विश्वास से, सैल्फ कान्फिडेन्स से यह नहीं कह सकता कि यह हमारा पार्ट है । यह बिल सब जगह पर लागू होता है, लेकिन जम्मू कश्मीर में जहां कि पाकिस्तान का बार्डर लगता है, जहां आज भी न मालूम कितने लोग ऐसे होंगे जिन्होंने अपनी प्रोपर्टी बनाई होगी, इधर से उधर गये होंगे, रोजाना आना-जाना चलता होगा, उस क्षेत्र को इस में नहीं रखा गया — यह बात मेरी समझ में नहीं आती है ।

चेयरमैन साहब, आपकी जगह पर बैठने वाले स्पीकर साहब ने कल ही सैन्ट्रल हाल में जो बात कही, वह दिल में घुस गई । जब काश्मीर पर हमला हुआ था और आधा काश्मीर उस वक्त चला गया था, तब हमारी सरकार से इस बाबत पूना में शहर कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में चर्चा हुई थी, तब से मेरे दिमाग में यह बात कि जम्मू काश्मीर हमारी चीज है, ऐसा कोई ठोस कदम या कोई चीज कहीं भी नजर नहीं आती है ।

श्री ओम प्रकाश त्यागी (मुरादाबाद) : कागज पर तो नजर आती है ।

श्री तुलशीदास जाधव : कागज पर भी नहीं है । स्पीकर साहब ने जो बात कल कही, मेरे दिल में वह बात बहुत दिनों से, जब से हमला हुआ था तब से चल रही थी, बल्कि ज्यादा से ज्यादा मजबत होती गई और कन्फर्म हुई ।....

श्री द्वा० ना० तिवारी (गोपाल गंज) : वह सैन्ट्रल हाल की बात थी, यहां की नहीं है?

श्री तुलशीदास जाधव : सैन्ट्रल हाल की बात नहीं है, बल्कि दुनिया आज क्या कहती है । रूस में जब उनको पार्टी दी गई, उस वक्त एक रूसी भाई ने उनसे कहा कि 20 साल तक हम तुम्हें सपोर्ट करते रहे, हम तुम्हारे पीछ रहे, लेकिन इन 2 सालों में आपने ऐसी कोई चीज नहीं क कि जिस से काश्मीर तुम्हारा है यह कहन के लिये लोगों को ताकत मिले, कोई आर्ग्यूमेन्ट मिले । इस बात का बड़ा गम्भीर अर्थ निकलता है , इस के मायने क्या हैं ? हमें उस को हमला कर के लेना है — ऐसा मेरे कहने का अर्थ नहीं है और अगर आप ऐसे करें भी, तो देश में उस का अभिनन्दन होगा , यह बात भी सही है, लेकिन कम से कम इतनी बात तो हो जाय काश्मीर और जम्मू का कोई आदमी आज हिन्दुस्तान में कहीं भी जाय तो वह जमीन खरीद सकता है, बंगला बना सकता है, इधर भी फैमिली रख सकता है, उधर भी रख सकता है, लेकिन इधर का आदमी उधर चला जाय तो वह न रहने के लिये जगह खरीद सकता है और न रेज़ीडन्स बना सकता है । इतना ही नही हमारे राष्ट्राध्यक्ष ने किसी काम के लिये वहाँ जमीन लेने के लिए तय किया, तो 6 महीने पहले उस पर भी यहाँ डिबेट और क्वेश्चन हुए, वह अधिकार भी आज हिन्दुस्तान को नहीं है । अगर किसी भी सार्वजनिक काम के लिए वहाँ जमीन लेना हो, तो वहाँ के चीफ मिनिस्टर से पूछना पड़ता है, वह अगर न कह दें तो कुछ नहीं कर सकते । आज जम्मु काश्मीर के लिये, नागालैंड के लिये, बाडर एरियाज के लिए हम इतने करोड़ रुपये खर्च करत हैं, किस लिये ? उन को खुश रखने के लिये, ताकि उन के दिल में मुहब्बत पैदा हो , यह जरुर करना चाहिये में इस का विरोध नहीं करता हूं, वे पिछड़े हुए लोग हैं, बार्डर के लोग हैं उन को

चावल दीजिये, गेहूं दीजिये, लेकिन आखिर इस का नतीजा क्या है क्या हमारे हाथ में कोई अधिकार है, वे हमारे भाई हैं, वे हमारा पार्ट हैं क्या इस रीति से कोई चीज अधिकार की दृष्टि से पैदा होती है। इस के मायने यह नहीं हैं कि जम्मू काश्मीर में जो भाई बहिन हैं, हमें उनकी कोई जायदाद छीन लेना है या यहां के कोई टाटा बिरला वहां जाकर कोई जमीन खरीद लें या उनकी संस्कृति को निकला दें – ऐसा कहने का हमारा उद्देश्य नहीं है .....

श्रीमती जयाबेन शाह (अमरेली) : क्या वहां की संस्कृति हिन्दुस्तान से अलग है?

श्री तुलशीदास जाधव : संस्कृति वहां की अलग नहीं है। मेरे कहने का उद्देश्य यह है कि जैसे आज गुजरात में महाराष्ट्र के लोग जा सकते हैं, पंजाब में महाराष्ट्र से लोग आ सकते हैं, उन में दिलचस्पी पैदा होती है आपस में मोहब्बत पैदा होती है, वे दोनों एक हैं, ऐसी भावना पैदा होती है, जमीन खरीद कर रह सकते हैं, ऐसा आप यहां नहीं कर सकते। जब नेफा पर चीन का हमला हुआ था तो मैं वहां गया था, उस समय पंडित जी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि उनकी पुरानी संस्कृति है उसमें अगर इन चले जायें, तो वह शायद बिगड़ जायगी, लेकिन इस तरह से आप उस को कहां तक रख सकेंगे ? बीस साल हो गये, जम्मू कश्मीर को हम इस प्रकार कहां तक रखेंगे। इसका क्या असर होता है उसको भी हमें देखना चाहिये। हम रूस या अमरीका के सामने जायें तो वह भी यही कहेंगे कि हमसे क्यों यह कहलवाना चाहते हो कि काश्मीर तुम्हारा है या नहीं जब कि तुम स्वय ही कानून के अन्दर उसको अलग रखते हो। उसको इस प्रकार से सेप्रेट रखने की अपनी मनोवृत्ति को अगर हम नहीं बदलेंगे तो दिल से भी हम कभी एक जगह पर नहीं आयेंगे। जम्मू और कश्मीर के भाईयों में भी यह बात पैदा होती है और वह यह समझते है कि हिन्दुस्तान का तो कोई ताल्लुक नहीं है क्योंकि न वह यहां पर कुछ खरीद सकते हैं और न यहां पर आ सकते हैं। लोक सभा में ही इस प्रकार के कानून बनते हैं कि जम्मू वाले और काश्मीर वाले अलग हैं। तो इस बात पर हमको गौर करना चाहिये। जम्मू काश्मीर के भाई यहां पर एम० पी० हैं, हमको उनसे मोहब्बत है, हम उनके साथ उठते-बैठते हैं। लेकिन मैंने सुना है, जम्मू काश्मीर के जो एम० पी० हैं उनका कहना है कि जम्मू कश्मीर के बारे में यहां के कानून मत लगावो। इसमें धोखा है। इससे समाज म एक अलगाव की मनोवृत्ति पैदा होता हो है जो कि मैं समझता हूं नहीं होनी चाहिये।

MR. CHAIRMAN: I should like to conclude the discussion but there are two members who are interested in this Bill with regard to their constituencies namely, Shri Shinkre and Shrimati Ila Palchoudhury. I would like to give them five minutes each and then conclude this discusion.

I now call Mr. Shinkre.

श्री शिंकरे (पंजिम) : सभापति जी, मैं इस विधेयक का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। इस बिल का समर्थन करते हुए मन्त्री जी को एक सुझाव भी देना चाहता हूं। मुझे जानकारी है कि यह जो विधेयक आया है वह, यहां पर भारत में जो चाइना और पाकिस्तान की प्रापर्टी है उसके बारे में है। मेरा कहना यह है कि एक ऐसा विधेयक होना चाहिये था जिसमें कि जितने भी हमारे एनिमीज हैं और उनकी यहां प्रापर्टी है, व्यापक रूप से सभी को कवर किया जा सकता। क्योंकि आप जानते है कि गोवा 6 साल पहले स्वतन्त्र हुआ। गोवा की स्वतंत्रता के बाद, जो पुर्तगाली वहां पर रहते थे वे पुर्तगाल

[श्री शिंकरे]

चले गये । जो पुर्तगाली सिटिजन्स गोवा में रहते थे और पुर्तगाली सिटिजन्सशिप रखना चाहते थे वे भी पुर्तगाल चले गये लेकिन उनकी प्रापर्टी वहां रही । उस प्रापर्टी के लिये वहां पर इवाकुई प्रापर्टी ऐक्ट जारी रहा । मैं समझता हूं इस प्रकार हर एक मामले में विचार करने के लिये अलग-अलग कस्टोडियन नियुक्त करने के बजाय एक ही कस्टोडियन नियुक्त किया जाये जो कि सारे इनीमीज की प्रापर्टी का प्रबन्ध कर सके । हम कभी-कभी कहते है कि यहां पर राम राज्य होगा । राम राज्य होना तो मुश्किल है और अगर राम राज्य नहीं होता है तब एनिमीज तो रहेंगे ही और जब एनिमीज रहेंगे तो उनकी प्रापर्टीज के प्रबंध करने के लिये कुछ करना ही होगा ।

अब मैं यहां पर एक क्लाज का उल्लेख करना चाहता हूं :

"make payments on behalf of the enemy to persons other than those who are enemies, of dues outstanding on the 25th October, 1962.."

इसके बारे में मैं कहूंगा कि जहां तक हमारा गोवा का एक्सपीरियन्स है, वहां जो कस्टोडियन्स रहते हैं वे "लेना बैंक" तो होते है लेकिन "देना बैंक" नहीं होते है । इनिमी प्रापर्टी से जो आय होती है वह तो कस्टोडियन लेते है लेकिन जो ड्यूज होते है वह कभी भी नहीं देते हैं । मैं इस की एग्जाम्पल दे रहा हूं । गोवा में इवैकुई प्रापर्टी के 1000 क्लेम्स पिछले 6 साल से पड़े हुए हैं लेकिन उन में से एक क्लेम भी आज तक सेटल नहीं हुआ है । इसी प्रकार की बात चाइनीज और पाकिस्तानी प्रापर्टी के बारे में भी हो सकती है । इसलिये मेरा कहना यह है कि कस्टोडियन की जो नीति हो वह सिर्फ लेने वाली ही न हो बल्कि देने वाली भी हो । जिन को कुछ देना है वह भी उन के लिये आवश्यक है कि दें । गोवा से पुर्तगाली चले गए । उन की बहुत सी प्रापर्टी गोवा में है । लेकिन उस के साथ ड्यूज भी है । कम से कम 17 लाख की ड्यूज हैं जिन में एक क्लेम भी आज तक सेटिल नहीं हुई है ।

एक माननीय सदस्य : पोर्तुगीज एनीमी हैं या नहीं ?

श्री शिंकरे : पोर्तगीज तो चीन और और पाकिस्तान से भी खतरनाक एनीमीज हैं पाकिस्तान और चीन से तो हमारे राजनीतिक सम्बन्ध भी हैं जबकि पुर्तगाल से हमारे कोई राजनीतिक सम्बन्ध भी नहीं हैं । अगर वे हमारे एनीमीज नहीं थे तो फिर पुर्तगाल में हमारे इन्टेरेस्ट को देखने के लिये पहले अरब प्रजा सत्ता और अभी मेक्सिकोसे क्यों कहा गया ? भारत में पुर्तगाल के हित सम्बन्ध ब्राजील क्यों देखता है ? इसलिये मेरी प्रार्थना है कि जो यह क्लाज है उस पर मंत्री जी विशेष ध्यान दें । यहां कहा गया है कि जो कस्टोडियन होंगे वह एनीमी प्रापर्टी को बेच सकते है, नीलाम कर सकते हैं लेकिन मैं समझता हूं हमारी सरकार को पंचशील पर विश्वास है । वह समझती है कि आज का जो हमारा एनीमी है वह आगे चल कर हमारा मित्र भी बन सकता है और वह जो उन की प्रापर्टी है उन को दे सकते हैं । लेकिन इस पर ध्यान देना होगा कि हमारी भी प्रापर्टी उन एनीमी देशों में है । मैं इस का रेफरेंस इसलिये खास तौर पर करना चाहता हूं कि गोवा में पुर्तगालियों की जो प्रापर्टी है वह तो कम है, लेकिन गोवा, मन और ड्यू के लोगों की जो प्रापर्टी पुर्तगाल के मोजाम्बिक कालोनी में है वह 40 करोड़ रुपये से भी

ज्यादा की है । इस लिये इस बात का पर ज्यादा ध्यान रखने की आवश्यकता है कि जिन के डयूज हैं उनको भी वह दिलाने का प्रयत्न किया जाये ।

MR. CHAIRMAN: Shrimati Ila Palchoudhury.

श्री ओम प्रकाश त्यागी : प्वाइंट आफ आर्डर । मैं एक बात जानना चाहता हूं। ताशकंद समझौते के पश्चात भारत वर्ष ने पाकिस्तान को एनीमी मानना बन्द कर दिया है और उसी के अनुसार पाकिस्तान ने भी हिन्दुस्तान को एनीमी मानना बन्द कर दिया है तो फिर वह एनीमी प्रापर्टी कैसे हुई ? क्या हम पाकिस्तान को एनीमी मान कर चल रहे हैं ?

MR. CHAIRMAN: It is just a mark of identification; let not too much meaning be read into it.

SHRI RANDHIR SINGH: Let it be Sino-Pak Property Bill.

श्री ओम प्रकाश त्यागी: वह पाकिस्तान नी प्रातर्टी तो हो सकती है लेकिन हम उस को परमानेंट एनीमी कैसे मान सकते हैं ?

MR. CHAIRMAN: I do not permit this now.

SHRIMATI ILA PALCHOUDHURI (Krishnagar): It must be realized that this legislation was necessitated by the partition of India where thousands and millions of our brothers gave their lives for the freedom of India. I realize the necessity of this law, but what has been said in this Bill about those people for whom this Custodian of Enemy Property was created, those people who had given their own lives and very often their honour more dear than their lives, for the freedom of India? Has any assessment of the property left behind by them been made? Do we have any idea of the amount involved?

I cannot understand this clause 3 about which many things have been said. We are going to maintain the families of the enemy. The Custodian will be able to transfer or do anything with that property, make payments to the enemy and his dependents. But, there is only one clause which says:

> "make payments on behalf of the enemy to persons other than those who are enemies, of dues outstanding on the 26th October, 1962;"

Only upto 1962 dues can be paid to people who are other than enemies from this enemy property. Why not even after 1962? How do you know that all the dues will be over by 1962?

According to this Bill, the Custodian holds Rs. 27 crores. Our people who have come away held vast properties in East Pakistan in the form of mills. Many people have made this point, but I want to stress this that those mills that were owned at that time by the whole of Bengal contributed their utmost to the freedom of India, because those mills not only made profits and pocketed them, but they paid that money to the freedom movement of India, and if at any time those people go back to Pakistan when things become better, why should they not be able to get back their share in those properties? Should you not have something in this Bill to let us negotiate over this matter, so that they are not absolutely deprived of their property? At the moment, when you hold Rs. 27 crores, if they are in dire necessity why should they not be compensated here also to a certain extent?

The house of Tagore has been absolutely desecrated in Pakistan. The house where he spent so much of his youth and from where so much culture was given to the world. We hear that the ground-floor of that house is

[Shrimati Ila Palchoudhuri]

being used, it is shameful to mention it, today as a public convenience. Can it be believed? We make no protest about, but we take care of their properties and see that they are properly administered. I have no quarrel with that, but at least let us make some portest against this kind of think. Let us see that our brothers who are in dire need are helped. We have spent crores on rehabilitation, but we can never give them back that which they have left behind, that sentiment those fields, rivers, those skies, but at least we can see that they get some compensation from Pakistan should they ever be able to go back. If they cannot go back at least let us rehabilitate the people from some part of this enemy property, if we can do it, so that they can at least feel that their trouble and their sacrifice has been somewhat compensated.

This Bill was necessary and I hope it will be passed.

श्री दिनेश सिंह : सभापति महोदय, मैं माननीय सदस्यों का आभारी हूं कि उन्होंने इस विधेयक के बारे में अपने विचार हम को दिये । इस विधेयक के सम्बन्ध में बहुत सी बातें और जोकि हमारे देश से और पाकिस्तान से सम्बन्धित हैं वह आईं और उन पर भी माननीय सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये ।

